Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांकः 20 / 06 / 2022

प्रकाशनार्थ

## विश्वविद्यालय में मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कुलपति प्रो राजेश सिंह के मार्गदर्शन में योग शिविर का आयोजन कला संकाय पोर्टिको में किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी एनएसएस, एनसीसी और रोवर्स रेंजर्स के विद्यार्थियों के साथ साथ समन्वयक मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह सात बजे होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर क्षण प्रतिक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया है। एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ केशव सिंह ने बताया कि अतिथियों के स्वागत के बाद कुलपति जी का संबोधन होगा। उसके बाद योगाचार्य डॉ विनय कुमार मल्ल और राजशेखर यादव के द्वारा योग प्रशिक्षण दिया जाएगा। धन्यवाद ज्ञापन रक्षा अध्ययन विभाग के डॉ जितेंद्र कुमार द्वारा किया जाएगा।

Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur